सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-75
07/02/2018

जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव राज नारायण पाण्डेय के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 07 फरवरी, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव राज नारायण पाण्डेय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। राजनारायण पाण्डेय का निधन दिनांक– 06.02.2018 को हो गया था। वे मूलतः बक्सर जिला के निवासी थे।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******